**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2589**
**2 अगस्त, 2022 को उत्तरार्थ**

# पोल्लाची संसदीय निर्वाचण क्षेत्र में सहकारी समितियां

**2589. श्री के. षणमुग सुंदरम:**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्र सरकार द्वारा पोल्लाची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सहकारी समितियों के लिए कोई प्रारूप नीति तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

## उत्तर

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) पोल्लाची निर्वाचण क्षेत्र की सहकारी समितियों को 1993-94 के दौरान एनसीडीसी द्वारा कोयम्बटूर आईसीडीपी परियोजना के माध्यम से 10.81 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी ।

(ख) और (ग) सहकारिता मंत्रालय ने नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति के निर्माण के लिए केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, सहकारी संघों और आम-जनता से सुझाव मांगे हैं ।

*****